GOVERNMENT OF INDIA
NORTH EASTERN COUNCIL SECRETARIAT
MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION
NONGRIM HILLS, SHILLONG – 793003

No.NEC/IPR/411/2025 Dated: Shillong, 26th January, 2025

NEC Celebrates 76th Republic Day

Shillong, 26th January, 2025-The 76th Republic Day was celebrated today with traditional fervor, joy, and enthusiasm at the North Eastern Council Secretariat in Shillong, alongside the rest of the country. Planning Adviser Som Kamei unfurled the national tricolor flag in the presence of senior officers and staff.

In his address to the gathering, the Planning Adviser congratulated the people of India, emphasizing that the nation, also known as Bharat, is a Union of States. He highlighted that India is a Sovereign, Socialist, Secular, and Democratic Republic with a parliamentary system of government. The Republic is governed by the Constitution of India, which was adopted by the Constituent Assembly on November 26, 1949, and came into force on January 26, 1950. “Republic Day marks the adoption of India's Constitution and the country's transition to a republic on January 26, 1950,” he noted. He also remarked, “Today, we are fortunate to live in an independent country. We have achieved much, are accomplishing even more, and there is still much to be done.” The Planning Adviser paid tribute to the freedom fighters who had contributed to India's struggle for independence.

Speaking about the role of the North Eastern Council (NEC), Som Kamei explained that the NEC is an agency dedicated to the economic and social development of the North Eastern Region, comprising the eight states of Arunachal Pradesh, Assam, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Sikkim, and Tripura. Established in 1971 through an Act of Parliament, the NEC has played a pivotal role in initiating new economic endeavors aimed at overcoming the region's developmental challenges. This has led to the emergence of new opportunities for growth in this region, which is rich with untapped potential. The main objective of the NEC is to ensure the balanced and integrated economic development of the North Eastern states.

Among those present at the celebrations were Financial Adviser Thanglemlian, Adviser (Agriculture and Allied) Iboyaima Meitei, DIPR Ajay Parashar, and XEN P. Rajkumar Sana.

*****

एनईसी ने हर्षोल्लास से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

शिलांग, 26 जनवरी, 2025–उत्तर-पूर्व परिषद् सचिवालय, शिलांग में आज 76वां गणतंत्र दिवस पारंपरिक जोश, उल्लास और हर्षोल्लास सहित पूरे देश के साथ मनाया गया। योजना सलाहकार सोम कामेई ने वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज फहराया।

अपने संबोधन में, योजना सलाहकार ने भारतवासियों को बधाई दी और इस बात पर ज़ोर दिया कि हमारा देश, जिसे हम भारत के नाम से जानते हैं, राज्यों का संघ है। उन्होंने कहा कि भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है और यहाँ की सरकार संसदीय व्यवस्था के तहत कार्य करती है। गणराज्य भारत के संविधान द्वारा शासित है, जिसे संविधान सभा ने 26 नवंबर, 1949 को अपनाया था और जो 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ। "गणतंत्र दिवस भारत के संविधान को अपनाने और देश के गणराज्य बनने का प्रतीक है," उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा, "हम भाग्यशाली हैं कि आज हम स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं। हमने बहुत कुछ हासिल किया है, और हम और अधिक हासिल कर रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाक़ी है।" योजना सलाहकार ने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उत्तर-पूर्व परिषद् (एनईसी) की भूमिका पर बात करते हुए, सोम कामेई ने बताया कि एनईसी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के आठ राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए समर्पित एक एजेंसी है। सन् 1971 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित, एनईसी ने क्षेत्र की विकास संबंधी चुनौतियों को दूर करने के लिए नए आर्थिक प्रयासों को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे इस क्षेत्र में विकास के नए अवसर पैदा हुए हैं, जो असीमित संभावनाओं से भरा हुआ है। एनईसी का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पूर्वी राज्यों के संतुलित और समग्र आर्थिक विकास को सुनिश्चित करना है।

समारोह में अन्यों के अतिरिक्त वित्तीय सलाहकार थांगलेमलियन, कृषि और संबंधित मामलों के सलाहकार इबोयाइमा मेइती, जन संपर्क निदेशक अजय पाराशर और अधिशाषी अभियंता पी. राजकुमार सना भी उपस्थित थे।

*****

NORTH EASTERN COUNCIL
SECRETARIAT
SHILLONG